ENTRI
GET IT ON Google Play

Solution 56th -59th B.P.S.C (P.T.) Previous Year Solved Paper - 2015

1 - B
इस नीति की शुरुआत भारत के तत्कालीन केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डा. हर्षवर्द्धन ने 10 अक्टूबर, 2014 ई. को की। इसका उद्देश्य सभी स्तरों पर मानसिक स्वास्थ्य के प्रति समझ बढ़ाना तथा मानसिक स्वास्थ्य क्षेत्र में नेतृत्व को सुदृढ़ करके मानसिक स्वास्थ्य देखभाल तक व्यापक पहुँच प्रदान करना है। यह नीति गरीबों के अनुकूल होगी क्योंकि वर्तमान में भारत में सिर्फ समाज के उच्च वर्ग को ही मानसिक स्वास्थ्य देखभाल तक पहुँच है। आगे प्रत्येक वर्ष 10 अक्टूबर का दिन 'राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य दिवस' के रूप में सम्पूर्ण भारत मे मनाया जाएगा। इस नीति के तहत् आगरा के मानसिक स्वास्थ्य संस्थाओं और अस्पतालों का आधुनिकीकरण करने की योजना है।

2 - A
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ग्रामीण भारत की दशा और दिशा में सुधार हेतु 'लोकनायक जयप्रकाश नारायण' की जयन्ती पर 11 अक्टूबर, 2014 ई. को 'सांसद आदर्श ग्राम योजना' का शुभारम्भ किया। इस योजना के तहत् देश के हर सांसद को वर्ष 2016 ई. तक एक गाँव और वर्ष 2019 ई. तक तीन गाँवों को गोद लेकर उनका विकास करना है। इसका उद्देश्य गांवों और वहाँ के लोगों में उन मूल्यों को स्थापित करना है जिससे वे स्वयं के जीवन में सुधार कर दूसरों के लिए एक आदर्श गांव बने। मुख्य उद्देश्यों में शामिल हैं- 1. पहचानी गई ग्राम पंचायतों के समग्र विकास के लिए नेतृत्व की प्रक्रियाओं को गति प्रदान करना। 2. जनसंख्या के सभी वर्गों के जीवन की गुणवत्ता के स्तर में सुधार निम्न माध्यमों से करना · बुनियादी सुविधाएं में सुधार · मानव विकास में वृद्धि करना · असमानताओं को कम करना · उच्च उत्पादकता · आजीविका के बेहतर अवसर 3. स्थानीय स्तर के विकास और प्रभावी स्थानीय शासन के मॉडल इस प्रकार बनाना जिससे आस-पड़ोस की पंचायतें प्रेरित और प्रोत्साहित होकर उन मॉडल को सीखने और अपनाने के लिए तैयार हों। 4. चिंहित आदर्श ग्राम को स्थानीय विकास के ऐसे केंद्रों के रुप में विकसित करना जो अन्य ग्राम पंचायतों को प्रशिक्षित कर सकें।

3 - C
तेलंगाना सरकार द्वारा अक्टूबर, 2014 ई. में हैदराबाद में 11वीं महानगर विश्व कॉंग्रेस का आयोजन किया गया। भारत में पहली बार आयोजित इस सम्मेलन में 100 से अधिक भारतीय शहरों के प्रतिनिधि शामिल हुए। भारत में वर्ष 2011 ई. की जनसंख्या के अनुसार, 31% जनसंख्या शहरों में रहती है और इसकी वार्षिक वृद्धि दर 2.76% है।

4 - C
भारत और अमेरिका की सेनाओं के बीच अंतर संचालन क्षमता और सहयोग को मजबूत करने एवं बढ़ावा देने के लिए दोनों देशों का संयुक्त युद्ध अभ्यास 'युद्धाभ्यास 2014' उत्तराखंड में आयोजित किया गया था। यह अभ्यास 17 से 30 सितम्बर, 2014 ई. में संपन्न हुआ था।

ENTRI
GET IT ON Google Play

5 - D
16वीं लोकसभा चुनाव 2014 ई. में द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डी.एम.के.), राष्ट्रीय लोकदल (आर.एल.डी.), नेशनल कांफ्रेंस, बहुजन समाजवादी पार्टी (ब.स.पा.) को एक भी सीट नहीं मिल पायी। 16वीं लोकसभा के चुनाव परिणाम 16 मई, 2014 ई. को घोषित किए गए। भाजपा ने इस चुनाव में 543 सीटों में से 283 सीटों पर जीत दर्ज की। भाजपा ने पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाई। भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस 44 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर रही। एआईएडीएमके को 37 तथा तृणमूल काँग्रेस को 34 सीटें प्राप्त हुई।

6 - B
लोक प्रशासन, शैक्षणिक गतिविधियों एवं प्रबंधन में उत्कृष्टता हेतु प्रदान किया जाने वाला लाल बहादुर शास्त्री पुरस्कार वर्ष 2014 ई. के लिए प्रसिद्ध रक्षा प्रौद्योगिकीविद और ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल के जनक डॉ. ए.एस. पिल्लई को प्रदान किया गया। डॉ. ए.एस. पिल्लई को यह पुरस्कार एयरोस्पेस मिसाइल तकनीक के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए दिया गया। वे यह पुरस्कार पाने वाले 15वें व्यक्ति हैं। यह पुरस्कार लोक प्रशासन, शिक्षा तथा प्रबन्धन के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए नई दिल्ली स्थित संस्था 'लाल बहादुर शास्त्री संस्थान' द्वारा प्रत्येक वर्ष प्रदान किया जाता है।

7 - C
केंद्रीय वेतन आयोग केंद्र सरकार के कर्मचारियों के वेतनमान, सेवा निवृत्ति के लाभ और अन्य सेवा शर्तों संबंधी मुद्दों पर विचार करने के लिए समय-समय पर गठित किया जाता है। सातवां वेतन आयोग का गठन फरवरी 2014 ई. में किया गया। इसके अध्यक्ष उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश अशोक कुमार माथुर थे।

8 - B
16 दिसंबर 2012 ई. को दिल्ली में हुई बलात्कार घटना के बाद महिलाओं को समाज में सुरक्षित माहौल प्रदान करने के उद्देश्य से न्यायाधीश जे. एस. वर्मा की अध्यक्षता समिति गठित की गयी। वर्मा कमेटी की सिफारिशें: - महिला के कपड़े फाड़ने की कोशिश पर 7 साल की सजा मिले - हिंसाग्रस्त इलाकों में महिला अपराध की जांच के लिए स्पेशल कमिश्नर तैनात हों। - बदनीयती से देखने, इशारे करने पर 1 साल की सजा मिले - मानव तस्करी के मामले में पीड़ित की सहमति गैरजरूरी - इंटरनेट पर जासूसी करने पर 1 साल की सजा दी जाए - मानव तस्करी में मिले कम से कम 7 साल की सजा - पुलिस के ढांचे और काम करने के तरीके में सुधार हो - अदालतों में जजों की संख्या बढ़ाई जाए - कानून का पालन करने वाली एजेंसियां नेताओं के हाथ का खिलौना न बनें - बच्चों की तस्करी के मामले में सरकार ठोस कदम उठाए और डेटाबेस बनाए - सरकारी संस्थाओं के कामकाज में पारदर्शिता और जवाबदेही लाई जाए - सभी शादियां रजिस्टर हों, दहेज लेनदेन पर निगरानी मजिस्ट्रेट करें - बलात्कार मामले दर्ज करने में नाकाम या देरी करने वाले अफसरों पर कार्रवाई हो - पीड़ित की मेडिकल जांच के लिए दिया गया प्रोटोकॉल लागू किया जाए - दिल्ली की कानून व्यवस्था में जवाबदेही को लेकर असमंजस की स्थिति खत्म हो - सैन्य बलों की तरफ से यौन हिंसा को सामान्य कानून के तहत लाया जाए - AFSPA यानी आर्म्ड फोर्सेज स्पेशल पावर एक्ट की समीक्षा की जाए महिलाओं के विरूद्ध अपराधों के सम्बन्द्ध कानून में परिवर्तन से सम्बन्धित जेएस वर्मा समिति ने 23 जनवरी, 2013 ई. को अपनी रिपोर्ट सौंप दी। इस समिति के अन्य सदस्य हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश लीला सेठ और भारत के पूर्व सालिसिटर जनरल गोपाल सुब्रहाण्यम थे।

ENTRI
GET IT ON Google Play

9 - D
लोकसभा के सदस्यों की अधिकतम संख्या 552 है। वर्तमान में लोकसभा में 545 सदस्य हैं। लोकसभा सदस्यों की सर्वाधिक संख्या उत्तर प्रदेश (80) से है। बिहार और झारखण्ड के विभाजन के पश्चात बिहार से लोकसभा के लिए 40 तथा राज्यसभा के लिए 16 सदस्य चुने जाते हैं। लोक सभा की सीटों में अनुसूचित जाति लिए 6 सीटें आरक्षित हैं। बिहार विधानसभा के सदस्यों की संख्या 243 तथा विधान परिषद् के सदस्यों की संख्या 75 है।

10 - D
छठ कार्तिक शुक्ल पक्ष के षष्ठी को मनाया जाता है। सूर्योपासना का यह अनुपम लोकपर्व मुख्य रूप से पूर्वी भारत के बिहार, झारखण्ड में मनाया जाता है। पारिवारिक सुख-समृद्धी तथा मनोवांछित फल प्राप्ति के लिए यह पर्व मनाया जाता है। छठ पूजा चार दिवसीय उत्सव है। इस पर्व में कार्तिक मास की पष्ठी तिथि को अस्त होते हुए सूर्य को तथा अगले दिन सप्तमी को प्रातः उदित होते हुए सूर्य को अर्घ दिया जाता है। इस दौरान व्रतधारी लगातार 36 घंटे का व्रत रखते हैं। इस दौरान वे पानी भी ग्रहण नहीं करते हैं। अर्घ किसी तालाब, झील या नदी के किनारे दिया जाता है। यह त्योहार पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी मनाया जाता है।

11 - D
वर्ष 2014 का साहित्य का नोबल पुरस्कार फ़्रांस के पैट्रिक मोदियानो को दिया गया है। उन्हें नोबेल पुरस्कार उनके उपन्यासों के लिए दिया गया है। उन्हें यह पुरस्कार भविष्य की संकल्पना पर आधारित रचनाओं के लिए प्रदान किया गया।

12 - A
स्वीडन, फिलीस्तीन को एक आधिकारिक राष्ट्र की मान्यता प्रदान करने वाला पहला यूरोपीय देश है। स्वीडन ने 30 अक्टूबर, 2014 ई. को यह मान्यता प्रदान की। इसके साथ ही स्वीडन विश्व के 130 ऐसे देशों में शामिल हो गया जिन्होंने फिलीस्तीन को मान्यता प्रदान की हुई है। अधिकांश यूरोपीय देशों ने फलस्तीन को संप्रभु देश के रूप में मान्यता प्रदान नहीं की है। फिलीस्तीन को मान्यता देने वाले हंगरी और पोलैण्ड जैसे यूरोपीय संघ के सदस्य देशों ने यह मान्यता तब प्रदान की थी जब वे इस संगठन का हिस्सा नहीं थे।

13 - B
संयुक्त अरब अमीरात ने जनवरी 2014 ई. में देश के सभी 18 से 30 वर्ष की आयु वाले व्यस्क पुरुषों के लिए सैन्य सेवा को अनिवार्य कर दिया है। सरकार के अनुसार, नागरिकों में निष्ठा और देश भावना को बढ़ाने के उद्देश्य से इस कानून को लागू किया गया। है। हाईस्कूल की डिग्री वाले वयस्कों के लिए 9 महीने जबकि गैर-डिग्रीधारी वयस्कों के लिए 2 वर्ष की सैन्य सेवा को अनिवार्य किया गया। है।

14 - C
वैश्विक वित्तीय विकास रिपोर्ट 2014 का विषय (थीम) वित्तीय समावेशन है। वैश्विक वित्तीय विकास रिपोर्ट 2014 वित्तीय समावेशन पर अभी तक का सबसे व्यापक अध्ययन है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि गरीबी कम करने और सामूहिक भाईचारे के विकास के लिए वित्तीय समावेशन महत्वपूर्ण है। वर्तमान वित्तीय व्यवस्था समावेशन से काफी दूर है।

15 - D

ENTRI
GET IT ON Google Play

टाइम मैगज़ीन द्वारा जारी 25 प्रभावशाली किशोरों की सूची: - मोने डेविस, 13 वर्ष - कीली जेन्नर, 17 वर्ष और केन्डाल जेन्नर, 18 वर्ष - मलाला युसुफजई, 17 वर्ष - साशा ओबामा,13 वर्ष और मालिया ओबामा, 16 वर्ष - क्रिनेन शिपका, 14 वर्ष - जैज जेनिंग्स, 14 वर्ष - राहेल फॉक्स,18 वर्ष - बेथान मोटा, 18 वर्ष - फ्लिन मैकगैरी, 15 वर्ष - रीको रोड्रिगेज, 16 वर्ष - सिएरा जज, 16 वर्ष; हिक्की,17 वर्ष और सोफी हिली-थो, 17 वर्ष - शॉन मेंडेस, 16 वर्ष - जेडन स्मिथ, 16 वर्ष - बेकी जी, 18 वर्ष - सलमा कक्कड़,17 वर्ष - एरिक फिनमैन, 15 वर्ष - नैश ग्राइर, 16 वर्ष - मेगन ग्रासिल, 19 वर्ष - टॉय सिवान, 19 वर्ष - लार्ड, 17 वर्ष - लिडा को, 17 वर्ष - च्लोए ग्रैस मार्टेज, 18 वर्ष - यहोशू वोंग, 18 वर्ष - ऑस्टिन महोने, 18 वर्ष - तवी गैविनसन, 18 वर्ष

16 - B
7वां ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) शिखर सम्मेलन (2015) रूस के यूफा में 8-9 जुलाई 2015 ई. को संपन्न हुआ। ब्रिक्स (BRICS) सम्मेलन 2015 का विषय-'ब्रिक्स भागीदारी: वैश्विक विकास के लिए शक्तिशाली कारक' है। 7वें ब्रिक्स सम्मेलन में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, चीन के राष्ट्रपति क्सी जिनपिंग, दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति जैकब जुमा और ब्राजील की राष्ट्रपति डिल्मा रोसेफ ने भाग लिया। ब्रिक्स का छठा शिखर सम्मेलन जुलाई, 2014 ई. में ब्राजील की राजधानी ब्राजीलिया एवं तटवर्ती शहर फोर्टालेजा में आयोजित किया गया। इसका मुख्य विषय 'समावेशी वृद्धि और सतत् विकास' था। इस सम्मेलन मे विकास बैंक के गठन को मजूरी मिली।

17 - D
अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस 3 दिसम्बर को मनाया जाता है। यह दिवस शारीरिक रूप से अक्षम लोगों को देश की मुख्य धारा में लाने के लिए मनाया जाता है। सयुंक्त राष्ट्र संघ ने 3 दिसंबर 1991 से प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस को मनाने की स्वीकृति प्रदान की थी।

18 - B
एमनेस्टी इंटरनेशनल एक अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवी संस्था है जिसका उद्देश्य "मानवीय मूल्यों, एवं मानवीय स्वतंत्रता, को बचाने एवं भेदभाव मिटाने के लिए शोध एवं प्रतिरोध करने एवं हर तरह के मानवाधिकारों के लिए लड़ना" है। इसकी स्थापना पीटर बेनेन्सन द्वारा 1961 ई. में ब्रिटेन में की गयी थी।

19 - C
महासभा का 69वां वार्षिक अधिवेशन 16 सितंबर, 2014 ई. को अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में प्रारंभ हुआ। भारत 'संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक परिषद' (United Nations Economic and Social Council-ECOSOC) में भी पुनः चुन लिया गया। संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक परिषद (ECOSOC) 54 सदस्यीय निकाय है। इसके सदस्यों का कार्यकाल 3 वर्षों का होता है। प्रत्येक वर्ष 18 सदस्यों का कार्यकाल समाप्त होता है और 18 नए सदस्य चुने जाते हैं।

20 - D
महासभा का 69वां वार्षिक अधिवेशन 16 सितंबर, 2014 को अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में प्रारंभ हुआ। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कुल 15 सदस्य होते हैं। इनमें 5 स्थायी सदस्य एवं 10 अस्थायी सदस्य होते हैं। अस्थायी सदस्यों का कार्यकाल 2 वर्ष होता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के इस अधिवेशन में सुरक्षा परिषद के पांच अस्थायी सदस्यों का दो वर्षीय कार्यकाल

ENTRI
GET IT ON Google Play

हेतु चुनाव भी किया गया। इसमें अंगोला, न्यूजीलैंड, स्पेन, मलेशिया और वेनेजुएला को चुना गया।

21 - B
22वें शीतकालीन ओलंपिक खेलों का आयोजन 7 से 23 फरवरी, 2014 ई. के मध्य रूस के सोची (Sochi) शहर में संपन्न हुआ। पदक तालिका के शीर्ष पांच देशों की स्थिति इस प्रकार रही-

रैंक	देश	स्वर्ण	रजत	कांस्य	कुल
1.	रूस	13	11	9	33
2.	नॉर्वे	11	5	10	26
3.	कनाडा	10	10	5	25
4.	अमेरिका	9	7	12	28
5.	नीदरलैंड्स	8	7	9	24

22 - D
जनवरी 2014 ई. में कोरे एंडरसन ने एकदिवसीय क्रिकेट में तीव्र गति (36 गेंदों में) से शतक बनाया। ए. बी. डिविलियर्स ने जनवरी 2015 ई. में इस रिकॉर्ड को तोड़कर केवल 31 गेंदों में एकदिवसीय क्रिकेट का सबसे तीव्र गति से शतक बनाया।

23 - D
चैम्पियंस लीग-20, 2014 ई. का विजेता चेन्नई सुपर किंग्स था। उसने यह ट्राफी कोलकाता नाईट राइडर्स को हराकर जीती। यह मैच बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला गया था।

24 - A
17वां एशियाई खेल 2014 ई. में दक्षिण कोरिया के इंचियोन में 17 सितम्बर 2014 ई. से 4 अक्टूबर 2014 ई. के मध्य आयोजित किये गए थे। भारत का 17वें एशियाई खेलों की पदक तालिका में आठवां स्थान रहा। भारत ने इन खेलों में कुल 57 पदक जीते जिसमें 11 स्वर्ण, 10 रजत और 36 कांस्य पदक शामिल हैं। 2010 में हुए पिछले खेलों में भारत ने 65 पदक जीते थे जिसमें 14 स्वर्ण, 17 रजत और 34 कांस्य पदक शामिल थे।

25 - D
लंदन ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता योगेश्वर दत्त ने 17वें एशियाई खेल में कुश्ती में स्वर्ण पदक जीता। योगेश्वर ने 65 किग्रा. फ्रीस्टाइल के फाइनल में ताजिकिस्तान के जालिमखान यूसुपोव को हराकर स्वर्ण पदक जीता।

26 - D
भारत ग्लासगो, स्कॉटलैंड में 23 जुलाई से 3 अगस्त तक आयोजित हुए 2014 ई. राष्ट्रमण्डल खेलों में एक प्रतिभागी राष्ट्र था। 15 स्वर्ण, 30 रजत एवं 19 कांस्य पदकों के साथ भारत कुल 64 पदकों के साथ पदक तालिका में पाँचवे स्थान पर रहा।

ENTRI
GET IT ON Google Play

27 - A
ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस कॉम्पटीशन, 2014 ई. का महिला एकल का ख़िताब ली ना ने डोमीनिका सिबुलकोवा को हराकर जीता।

28 - C
सैफ टूर्नामेंट, 2013 का आयोजन 31 अगस्त 2013 ई. से 11 सितम्बर 2013 ई. के बीच नेपाल की मेजबानी में किया गया। भारत को हराकर अफगानिस्तान इस टूर्नामेंट का विजेता बना। वर्ष 2015 ई. में सैफ फुटबाल टूर्नामेण्ट का आयोजन भारत में किया गया।

29 - B
भारत सरकार द्वारा खेल के क्षेत्र मे उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये 'अर्जुन पुरस्कार' खिलाड़ियों को दिया जाता है। इस पुरस्कार का प्रारम्भ 1961 ई. में हुआ था। इन पुरस्कारों का उद्देश्य खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उन्हें खेलकूद के प्रति और उत्साहित करना था। अर्जुन पुरस्कार में पुरस्कार स्वरूप पाँच लाख रुपये नकद और अर्जुन की कांस्य प्रतिमा, पारंपरिक पोशाक और एक 'प्रशस्ति पत्र' दिया जाता है। राजीव गाँधी खेलरत्न पुरस्कार, द्रोणचार्य पुरस्कार एवं ध्यानचन्द पुरस्कार खेल के क्षेत्र में दिए जाने वाले अन्य प्रमुख राष्ट्रीय खेल पुरस्कार हैं।

30 - D
प्रिंस ऑफ वेल्स कप, वेल्स कप के नाम से भी जाना जाता है। यह हॉकी के खेल से सम्बंधित है। यह राष्ट्रीय हॉकी लीग द्वारा प्रदान किया जाता है।

31 - D
विन्सेन्ट आर्थर स्मिथ (1848–1920 ई.) एक ब्रिटिश इतिहासकार थे। उन्होंने अशोक, अकबर जैसे कई शासकों पर पुस्तकें लिखी। उन्होंने भारतीय कलाओं के इतिहास पर भी पुस्तक लिखी थी।

32 - C
बुद्ध को शाक्य मुनि भी कहते हैं। वैशाख पूर्णिमा को उन्हें ज्ञान प्राप्त हुआ और उसी दिन वे तथागत हो गये। बुद्ध ने अपना पहला उपदेश सारनाथ में दिया जिसे बौद्ध ग्रंथों में 'धर्मचक्र प्रवर्तन' कहा जाता है। बुद्ध ने अपने अनुयायिओं को चार आर्यसत्य, अष्टांगिक मार्ग, दस पारमिता, पंचशील आदी शिक्षाओं को प्रदान किए हैं। बुद्ध ने अपने उपदेश कोशल, कौशांबी और वैशाली राज्य में पालि भाषा में दिए।

33 - D
समुद्रगुप्त को 'भारत का नेपोलियन' कहा जाता है। वे अपने सभी विजय अभियानों में कामयाब रहें। आर्यावर्त के प्रथम युद्ध में तीन राजाओं को हराकर अपने विजय अभियान की शुरुआत की। दक्षिणापथ के युद्ध में बारह राजाओं को पराजित किया। आर्यावर्त के द्वितीय युद्ध में नौ राजाओं को हराया। उसने सीमावर्ती राजाओं एवं विदेशी शक्तियों को भी पराजित किया। प्रयाग प्रशस्ति में उसकी सामरिक विजयों का विवरण मिलता है। अपने विजय अभियान को पूरा करने के पश्चात् उसने अश्वमेघ यज्ञ सम्पन्न किया तथा 'अश्वमेघ पराक्रम' की उपाधि ली।

34 - B

ENTRI
GET IT ON Google Play

नालन्दा महाविहार अर्थात बौद्ध विश्वविद्यालय में पढ़ने के लिए तथा भारत से बौद्ध ग्रन्थों को ले जाने लिए वह 630 ई. में स्थल मार्ग से भारत आया। भारत से वह 645 ई. में चीन लौट गया। चीन लौटकर उसने 'पाश्चात्य संसार के लेख' (सी-यू-की) नामक पुस्तक में भारत के सन्दर्भ में विस्तृत विवरण दिया। हर्ष के विषय में ह्वेनसांग से विस्तृत जानकारी मिलती है। हर्षवर्धन या हर्ष (606-647ई.), राज्यवर्धन के बाद लगभग 606 ई. में थानेश्वर के सिंहासन पर बैठा। हर्ष ने कन्नौज को अपनी राजधानी बनाया। उसे शिलादित्य के नाम से भी जाना जाता है। उसने परम् भट्टारक मगध नरेश की उपाधि ग्रहण की।

35 - A
'ढ़ाई दिन का झोंपड़ा', राजस्थान के अजमेर में स्थित एक मस्जिद है। इसका निर्माण कुतुबुद्दीन ऐबक ने वर्ष 1199 ई. में किया था। इस मस्जिद को बनवाने में सिर्फ़ ढाई दिन ही लगे इसलिए इसे अढाई दिन का झोंपड़ा कहा जाता है। इस स्थान पर पहले संस्कृत महाविद्यालय था, जिसका निर्माण वीसलदेव विग्रहराजा ने किया था। इसकी दीवार पर विग्रहराज चतुर्थ द्वारा रचित संस्कृत नाटक हरिकेश के अंश उदधृत हैं। यह ऐबक का भारत में पहला निर्माण था।

36 - C
तुज़ुक-ए-बाबरी अथवा 'बाबरनामा' भारत में मुग़ल साम्राज्य के संस्थापक बाबर की आत्मकथा है। बाबर ने इस कृति की रचना तुर्की भाषा में की थी। अकबर ने 1583 ई. में अब्दुर्रहीम ख़ानख़ाना द्वारा 'तुज़ुक-ए-बाबरी' का फ़ारसी में अनुवाद करवाया। 'तुज़्क-ए-बाबरी' में बाबर ने अपना बचपन और यौवन, अफ़ग़ानिस्तान और भारतीय उपमहाद्वीप पर आक्रमण और क़ब्ज़ा और अन्य घटनाओं का विवरण दिया है।

37 - C
हल्दीघाटी का युद्ध मुग़ल बादशाह अकबर और महाराणा प्रताप के बीच 18 जून, 1576 ई. को लड़ा गया था। इस युद्ध में महाराणा प्रताप की सेना का सेनापति हकिम खान था। वह सूरी साम्राज्य के संस्थापक शेरशाह सूरी का वंशज था। इस युद्ध में राणा को आंशिक रूप से पराजय का सामना करना पड़ा था। 1597 ई. में अपनी मृत्यु से पहले राणा ने मेवाड़ के अधिकांश भू-भाग पर पुनः कब्जा कर लिया।

38 - A
शिवाजी का जन्म अप्रैल, 1627 ई. में शिवनेर के किले में हुआ था। इनकी माता का नाम जीजाबाई एवं पिता का नाम शाहजी भोंसले था। छत्रपति शिवाजी महाराज (1630-1680 ई.) भारत के महान योद्धा एवं रणनीतिकार थे जिन्होंने 1674 ई. में पश्चिम भारत में मराठा साम्राज्य की स्थापना की। शिवाजी ने अपनी अनुशासित सेना एवं सुसंगठित प्रशासनिक इकाइयों की मदद से प्रगतिशील प्रशासन प्रदान किया। उनके प्रशासकीय कार्यों में मदद के लिए आठ मंत्रियों की एक परिषद थी जो अष्टप्रधान कहलाता था। इसके मंत्रियों के प्रधान को पेशवा कहते थे। शिवाजी ने अप्रैल, 1656 ई. में रायगढ़ को अपनी राजधानी बनाया। 16 जून, 1674 ई. को रायगढ़ किले में शिवाजी का राज्याभिषेक काशी के प्रसिद्ध विद्धान गंगा भट्ट ने किया। यह चारों ओर से सहयाद्रि की अनेक पर्वत मालाओं से घिरा हुआ था।

39 - C
रेग्युलेटिंग एक्ट का उद्देश्य भारत में ईस्ट इंडिया कम्पनी की गतिविधियों को ब्रिटिश सरकार की निगरानी में लाना था। इस अधिनियम को 1773 ई. में ब्रिटिश संसद ने पास किया तथा 1774 ई. में इसे लागू किया गया। इस अधिनियम द्वारा कोर्ट आफ़ डायरेक्टर का कार्यकाल 1

ENTRI
GET IT ON Google Play

वर्ष के स्थान पर 4 वर्ष का हो गया तथा डायरेक्टरों की संख्या 24 निर्धारित की गयी। बंगाल के प्रशासक को अंग्रेज़ी क्षेत्रों का गवर्नर जनरल कहा जाने लगा तथा उसको सलाह देने हेतु 4 सदस्यों की एक कार्यकारिणी बनाई गयी, जिसका कार्यकाल 5 वर्ष का होता था। कलकत्ता में एक सुप्रीम कोर्ट की स्थापना की गयी। रेग्यूलेटिंग एक्ट के पश्चात् 1781 ई. में एक अनुपूरक क़ानून बनाया गया, जिससे रेग्यूलेटिंग एक्ट की कुछ ख़ामियों को दूर करने का प्रयत्न किया गया।

40 - C
लॉर्ड कैनिंग, 1857 ई. के सिपाही विद्रोह के दौरान भारत के गवर्नर-जनरल थे। न्यायिक सुधारों के अन्तर्गत कैनिंग ने 'इंडियन हाईकोर्ट एक्ट 1861' द्वारा बम्बई, कलकत्ता तथा मद्रास में उच्च न्यायालय की स्थापना की। कैंनिग ने रेल लाइनों, सड़कों व नहरों का निर्माण करवाया। विधवा पुनर्विवाह अधिनियम, 1856 केनिंग के समय में ही पास हुआ।

41 - A
असहयोग आन्दोलन के दौरान 1922 में चौरी-चौरा कांड हुआ। चौरी-चौरा उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में स्थित है। पुलिस द्वारा भीड़ पर गोली चलाने के विरोध में भीड़ ने पुलिस थाने में आग लगा दी, जिससे 22 पुलिस कर्मी मारे गए। इस घटना के विरोध में गाँधीजी ने असहयोग आन्दोलन वापस ले लिया था। इस तरह हिंसा का भड़कना गांधीजी को पसंद नहीं आया। उन्होंने कहा की लोगों को अहिंसा की सीख दिए बिना उन्हें असहयोग आन्दोलन के लिए प्रेरित करना हिमालय जैसी भूल थी।

42 - B
वर्ष 1905 ई. के बंगाल विभाजन के विरोध के रूप में स्वदेशी आन्दोलन की शुरुआत हुई। स्वदेशी आन्दोलन भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन का एक महत्वपूर्ण आन्दोलन था। इसका उद्देश्य ब्रिटेन में बने माल का बहिष्कार करना तथा भारत में बने माल का अधिकाधिक प्रयोग करके ब्रिटेन को आर्थिक हानि पहुँचाना था। अरविन्द घोष, रवीन्द्रनाथ ठाकुर, बाल गंगाधर तिलक और लाला लाजपत राय स्वदेशी आन्दोलन के मुख्य नीति निर्माता थे। महात्मा गाँधी ने इसे "स्वराज की आत्मा" कहा।

43 - C
सरोजिनी नायडू 1925 ई. में कानपुर में हुए कांग्रेस अधिवेशन की वे अध्यक्ष बनीं। वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रथम भारतीय महिला अध्यक्ष थी। भारत की स्वतंत्रता-प्राप्ति के बाद वे उत्तर प्रदेश की पहली राज्यपाल बनीं। भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस की पहली महिला एवं विदेशी अध्यक्ष एनी बेसेण्ट थी, जिन्होंने वर्ष 1917 ई. में कलकत्ता अधिवेशन की अध्यक्षता की थी।

44 - B
मैडम भीकाजी कामा भारत की प्रथम सुविख्यात क्रान्तिकारी महिला थी। पेरिस (यूरोप) तथा अमेरिका से उन्होंने क्रान्तिकारी गतिविधियों का संचालन किया। तीस वर्षों तक पेरिस से भारतीय स्वतन्त्रता के लिए संघर्षरत रहीं। भीकाजी कामा ने 22 अगस्त 1907 ई. को जर्मनी में हुई इंटरनेशनल सोशलिस्ट कांफ्रेंस में भारतीय स्वतंत्रता के ध्वज भारत का प्रथम तिरंगा राष्ट्रध्वज को फहराया था। उन्होंने वर्ष 1907 ई. में अपने सहयोगी सरदार सिंह राणा की मदद से भारत का प्रथम तिरंगा राष्ट्रध्वज का पहला डिजाइन तैयार किया था। यह प्रथम था जब विदेशी धरती पर तिरंगा फहराया गया। इस घटना को बर्लिन कमेटी फ्लैग भी कहा जाता था।

ENTRI
GET IT ON Google Play

45 - B
नालन्दा विश्वविद्यालय, राजगृह में स्थित है। यह प्राचीन भारत में उच्च् शिक्षा का सर्वाधिक महत्वपूर्ण और विख्यात केन्द्र था। चीनी यात्री हेरनसाँग के अनुसार इसका संस्थापक शक्रादित्य था। शक्रादित्य की पहचान कुमारगुप्त प्रथम से की जाती है, जिसकी सुप्रसिद्ध उपाधि महेन्द्रादित्य की थी। हर्षवर्द्धन ने यहाँ एक ताम्र विहार बनवाया था।
गुप्तकालीन सम्राट कुमारगुप्त प्रथम ने 415-454 ई.पू. नालन्दा विश्वविद्यालय की स्थापना की थी। इस विश्वविद्यालय में पालि भाषा में शिक्षण कार्य होता था। 12वीं शती में बख़्तियार ख़िलजी ने इस विश्वविद्यालय को नष्ट कर दिया था।

46 - A
गांधीजी ने बिहार के चम्पारण जिले में सन् 1918-19 ई. में सत्याग्रह किया जो चम्पारण सत्याग्रह के नाम से जाना जाता है। गांधीजी के नेतृत्व में भारत में किया गया यह पहला सत्याग्रह था। अंग्रेज यहाँ के किसानो को एक बीघे ज़मीन पे तीन कठ्ठे नील की खेती के लिए मजबूर करते थे। इस प्रथा को तीन कठिया प्रथा कहा जाता था। चंपारण के एक निवासी राजकुमार शुक्ल ने गांधीजी को आमंत्रित किया था। चंपारण के इस संघर्ष में डॉ राजेंद्र प्रसाद, डॉ अनुग्रह नारायण सिंह, आचार्य कृपलानी समेत चंपारण के किसानों ने अहम भूमिका निभाई।

47 - B
मेगस्थनीज (350 ई.पू.-290 ई.पू.) यूनान का एक राजदूत था जो चन्द्रगुप्त के दरबार में आया था। वह कई वर्षों तक चंद्रगुप्त के दरबार में रहा। उसने जो कुछ भारत में देखा, उसका वर्णन उसने अपनी पुस्तक "इंडिका" में किया है। ‘इण्डिका’ भारतीय संस्थाओं भूगोल समाज के वर्गीकरण, पाटलिपुत्र आदि के संबध में प्रचुर सामग्रियाँ देती हैं।

48 - D
गुरु गोबिन्द सिंह सिक्खों के दसवें व अंतिम गुरु माने जाते हैं। गुरू गोविन्द सिंह का जन्म 26 दिसम्बर, 1666 ई. को पटना में हुआ था। उन्होने खालसा पन्थ की स्थापना की। गुरु गोविंद सिंह ने सिखों के लिए पांच चीजें अनिवार्य की थीं - केश, कड़ा, कृपाण, कंघा और कच्छा। गुरूद्वारा तख्तश्री सिंह हरमन्दिर साहिब (पटना) में स्थित है। यहाँ एक संग्रहालय है, जिसमें गुरू गोविन्द सिंह से सम्बन्धित अनेक अवशेष सुरक्षित हैं।

49 - A
स्वतन्त्रता पूर्व एकीकृत बिहार में काँग्रेस के कुल तीन अधिवेशन आयोजित किए गए थे। वर्ष 1922 ई. में गया में आयोजित अधिवेशन की अध्यक्षता चितरंजन दास ने की थी। वर्ष 1920 ई. में रामगढ़ (वर्तमान झारखण्ड में) में आयोजित अधिवेशन की अध्यक्षता मौलाना अबुल कलाम आजाद ने की थी। चितरंजन दास ने ‘स्वराज्य दल’ की स्थापना की। इन्होंने 1923 ई. में लाहौर तथा 1924 ई. में अहमदाबाद में 'अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस' की अध्यक्षता भी की थी। चित्तरंजन दास को 'देशबंधु' भी कहा जाता था। असहयोग आंदोलन के दौरान हजारों विद्यार्थियों ने स्कूल कॉलेज छोड़ा था उनकी शिक्षा के लिए देशबंधु चितरंजन दास ने ढाका में ‘राष्ट्रीय विद्यालय’ की स्थापना की।

50 - B

ENTRI
GET IT ON Google Play

जयप्रकाश नारायण का जन्म सारण जिले के सिताब दियारा नामक स्थान पर 11 अक्टूबर, 1902 ई. को हुआ। भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वर्ष 1934 ई. में बिहार सोशलिस्ट पार्टी की स्थापना में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वर्ष 1974 ई. में उन्होंने सम्पूर्ण क्रान्ति की घोषणा की थी। सर्वोदय आन्दोलन से भी जुड़े थे। वे समाज-सेवक थे, जिन्हें 'लोकनायक' के नाम से भी जाना जाता है। 1999 ई. में उन्हें मरणोपरान्त 'भारत रत्न' से सम्मनित किया गया। इसके अतिरिक्त उन्हें समाजसेवा के लिये 1965 ई. में 'मैगसेसे पुरस्कार' भी प्रदान किया गया था।

51 - C
विश्व की सबसे बड़ी तटीय रेखा कनाडा की है। यह 2,02,080 किमी. लम्बी है। इंडोनेशिया एवं रूस की तटीय सीमा की लम्बाई क्रमशः दूसरे एवं तीसरे स्थान पर है। विकल्प में सबसे छोटी तटीय रेखा भारत की है।

52 - C
एल्युमिनियम भूपर्पटी में सबसे अधिक मात्रा में पाई जाने वाली धातु है। बॉक्साईट एल्युमिनियम का एक प्रमुख अयस्क है। यह मुख्य रूप से एल्युमीनियम आक्साइड तथा कुछ अन्य अशुद्धियाँ से मिलकर बना होता है। विश्व में इसके शीर्ष पाँच उत्पादक देश इस प्रकार हैं- चीन, रूस, कनाडा, यू.एस.ए. तथा संयुक्त अरब अमीरात। विश्व में एल्युमिनियम का सबसे बड़ा उत्पादक राष्ट्र यू.एस.ए. है।

53 - B
पेनाइन (यूरोप), अप्लेशियन (अमेरिका), अरावली (भारत) पुरानी पर्वत श्रृंखला के उदाहरण हैं। इनका निर्माण टर्शियरी युग से पहले हुआ था। वर्तमान में ये पर्वत अपने मूल रूप में नहीं हैं। हिमालय, रॉकीज आदि श्रृंखलाएं नवीन पर्वत श्रृंखलाएं हैं।

54 - C

शहर	**नदी**
रॉटरडैम	राइन
पेरिस	सीन
बुडापेस्ट	डेन्यूब
वाशिंगटन	पोटोमैक

55 - A
जोहानेसबर्ग दक्षिण अफ्रीका में स्थित धातु व्यापार का प्रमुख केन्द्र है, जबकि न्यूयार्क, लन्दन व सिंगापुर सभी पत्तन सुविधा से युक्त व्यापारिक नगर हैं। न्युयार्क लंदन तथा सिंगापुर पृष्ठ प्रदेश में खनन गतिविधियाँ लगभग नगव्य है। जबकि जोहानेबर्ग के पृष्ठ प्रदेश में सोना तथा अन्य अनेक खनिजों का उत्पादन होता है। यह विश्व का एक प्रमुख महानगर है और विश्व व्यापार, वाणिज्य, संस्कृति, फैशन और मनोरंजन का प्रमुख केंद्र है। अटलांटिक की ओर मुख किए हुए विशाल बंदरगाह बाले इस महानगर में पाँच प्रशासनिक इकाईयाँ हैं: ब्रॉन्क्स, ब्रुक्लिन, मैनहटन, क्वींस और स्टेटन द्वीप।

ENTRI
GET IT ON Google Play

56 - D
भारतीय उपमहाद्वीप की अधिकांश नदियाँ पश्चिम से पूर्व की ओर बहती हैं और बंगाल की खाड़ी में गिरती हैं। गंगा इनमें से उत्तरतम नदी है। इसकी प्रमुख धारा भारत से बांग्लादेश में प्रवेश कर पद्मा नदी नाम से निकलकर वहीं मेघना नदी से मिल जाती है। इसके अलावा ब्रहापुत्र पूर्व से पश्चिम की ओर बहकर भारत के असोम से बांग्लादेश में प्रवेश करती है और दक्षिणवर्ती होकर 'जमुना' नदी कहलाती है। जमुना पद्मा से मिलती है और पद्मा मेघना नदी से मिलती है। इसके बाद ये अन्ततः बंगाल की खाड़ी में गिरती है। बंगाल के दक्षिण में महानदी, गोदावरी, कृष्णा एवं कावेरी नदियाँ भारतीय उपमहाद्वीप में पश्चिम से पूर्वाभिमुख बहने वाली और बंगाल की खाड़ी में गिरने वाली प्रमुख नदियाँ हैं। नर्मदा, ताप्ती नदियाँ पूर्व से पश्चिम की ओर बहकर अरब सागर में गिरती हैं।

57 - D
भारत का सबसे पुराना तेल भण्डार डिगबोई, असोम के तिनसुकिया ज़िले में है। 19वीं सदी के अन्तिम बर्षो में यहाँ कच्चे तेल की खोज की गई थी। एशिया में यहाँ पहली बार तेल खुदाई की गई थी। वर्ष 1901 ई. में यहाँ एशिया की पहली तेल रिफाइनरी प्रारम्भ की गई थी। तृतीय युग का कोयला तथा खनिज तेल इस प्रदेश की मुख्य संपदाएं हैं। खनिज तेल का अनुमानित भंडार 450 लाख टन है जो पूरे भारत का लगभग 50 प्रतिशत है। भारत में स्वतंत्रता प्राप्ति के समय तक मात्र असम में ही खनिज तेल निकाला जाता था।

58 - C
दक्षिणी तिब्बत की यरलूंग जंगबो नदी भारत में ब्रह्मपुत्र नदी कहलाती है। ब्रह्मपुत्र (उर्फ़ यरलूंग जंगबो) नदी पश्चिमी तिब्बत में कैलाश पर्वत के पास शुरु होकर नमचा बरवा पर्वत के बाद ब्रह्मपुत्र दक्षिण की तरफ़ भारत के अरुणाचल प्रदेश राज्य प्रवेश करती है। सुवनश्री, तिस्ता, लोहित, तोर्सा, बराक आदि इसकी सहायक नदियाँ हैं। इसमें असोम में 'दिहांग' नाम से जाना जाता है।

59 - C
लेह, जम्मू-कश्मीर राज्य के लद्दाख जिले का मुख्यालय है। यह समुद्र तल से 11500 फुट की ऊँचाई पर स्थित है। यह भारत के सबसे शुष्क स्थानों में से एक है। इसे भारत का 'शीत मरूस्थल' कहा जाता है। पूरे वर्ष के दौरान लेह में लगभग कोई वर्षा नहीं होती है। लेह का औसत वार्षिक तापमान 5.2 है। 103 मिमी. औसत वार्षिक वर्षा है।

60 - C
भारत की कुल जनगणना में आदिवासी 8.61% हैं। महाराष्ट्र में भील, गोंड, अगरिया, कामर, खडिया, खोंडा, असुरा, भारिया, कोया, वर्ली, कोली, डुका बैगा, गडावास, कोल, कोलम, कोर्कू, कोरबा, मुंडा, उरांव, प्रधान, बघरी; छत्तीसगढ़ में अगरिया, भारिया, कोरकू, भील, बैगा, गोंड, कोरबा, कोल, उरांव, प्रधान, नगेशिया, हल्वा, भतरा, माडिया, सहरिया, कमार, कंवर; कर्नाटक में गौडालू, हक्की, पिक्की, इरुगा, जेनु, कुरुव, मलाईकुड, भील, गोंड, टोडा, वर्ली, चेन्चू, कोया, अनार्दन, येरवा, होलेया, कोरमा आदि जनजातियाँ पाई जाती हैं। हरियाणा में अनुसूचित जनजाति के अंतर्गत किसी भी समुदाय को विनिर्दिष्ट नहीं किया गया है।

61 - C

ENTRI
GET IT ON Google Play

दिल्ली में धौला कुआं से बमुश्किल 40 किलोमीटर दूर गुड़गांव से फर्रूखनगर के रास्ते पर सुल्तानपुर बर्ड सैंक्चुअरी है। इसे भारत के प्रमुख पक्षी अभयारण्यों में से एक माना जाता हैं। यहाँ पक्षियों की 250 से ज्यादा प्रजातियां देखने को मिलती हैं। 44.5 हेक्टेयर इलाके में फैले इस अभयारण्य को 1972 में सैलानियों के लिए खोला गया था। यहाँ पर लाल जंगली मुर्गी प्रचुर मात्रा में पाई जाती हैं। इसके अलावा यहाँ गिद्ध संरक्षण परियोजनाएँ तथा जटायु कन्जर्वेशन ब्रीडिंग सेण्टर स्थापित किया गया है।

62 - B
देश में पर्यावरण संतुलन की दृष्टि से आवश्यक कम से कम 33 प्रतिशत क्षेत्र पर वनों का आवरण होना चाहिए। 2005 ई. के सर्वेक्षण के आधार पर देश का मात्र 20.60 प्रतिशत क्षेत्र ही वास्तविक रूप से वनों से ढका है। भारत में प्रति व्यक्ति वनों का औसत 0.2 हैक्टेयर मात्र है, जबकि ब्राजील में 8.6, आस्ट्रेलिया में 5.1 और पूर्व सोवियत संघ में 3.5 हेक्टेयर है।

63 - D
बिहार का कुल भौगोलिक क्षेत्र लगभग 93.60 लाख हेक्टेयर है जिसमे केवल 56.03 लाख हेक्टेयर कृषि योग्य है जो की कुल भूमि का लगभग 61% है।

64 - D
नागार्जुन सागर परियोजना भारत की प्रमुख नदी घाटी परियोजना है। नागार्जुन सागर बाँध का निर्माण सन 1955 ई. और 1967 ई. के बीच हुआ था। नागार्जुन सागर बाँध हैदराबाद से 150 किमी. की दूरी पर कृष्णा नदी पर स्थित है। यह भारत का सबसे ऊँचा और लंबा बाँध है। इस बाँध से निर्मित नागार्जुन सागर झील दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी मानव निर्मित झील है। यह 124 मी. ऊँचा तथा 1450 मी. लम्बा बाँध है। इससे निकलने वाली नहरों के नाम 'जवाहर नहर' तथा 'लाल बहादुर नहर' है।

65 - B
बिहार का डालमिया नगर सीमेंट के लिए प्रसिद्ध है। हालाँकि 1980 ई. के बाद इस शहर का पतन होना शुरू हो गया एवं यह वीरान शहर में बदल गया। इसके अतिरिक्त यहाँ कागज एवं लुग्दी उद्योग भी प्रसिद्ध है। बंजारी में कल्याणपुर सीमेण्ट लिमिटेड कारखाना स्थापित है। भागलपुर रेशमी वस्त्र उद्योग के लिए तथा बरौनी में चमड़ा प्रसंस्करण उद्योग है। पूर्णिया, कटिहार एवं दरभंगा जूट उद्योग के लिए प्रसिद्ध हैं।

66 - A
बी.पी.एस.सी. के उत्तर पत्र में इस प्रश्न का उत्तर (d) दिया गया है। भारत वन स्थिति रिपोर्ट (ISFR) 2013 के अनुसार बिहार में आरक्षित वन 693 वर्ग किमी., संरक्षित वन 5779 वर्ग किमी. एवं अवर्गीकृत वन 1 वर्ग किमी. अर्थात कुल वन क्षेत्र 6473 वर्ग किमी. है। यह बिहार के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 6.87 प्रतिशत है।

67 - B
भारत में लौह अयस्क के कुल भंडार लगभग हैमेटाईट के 9602 मिलियन टन और मैग्नेटाईट के 3408 मिलियन टन हैं।लौह-अयस्क का निक्षेपण कुछ विशेष पेटियों में हुआ हैं, जो इस प्रकार है- - झारखण्ड - उड़ीसा पेटी - मध्य प्रदेश - महाराष्ट्र पेटी - कर्नाटक - आन्ध्र प्रदेश पेटी - गोवा - पश्चिमी महाराष्ट्र पेटी भारत में लौह अयस्क उत्पादन में गोवा प्रथम स्थान रखता

ENTRI
GET IT ON Google Play

है। द्वितीय एवं तृतीय स्थान क्रमशः मध्यप्रदेश एवं कर्नाटक का है। इसके अलावा लौह-अयस्क का उत्पादन झारखंड, बिहार, उड़ीसा आदि प्रदेशों में भी होता है।

68 - D
भारत में कोयला मुख्यत: दो विभिन्न युगों के स्तर समूहों में मिलता है: पहला गोंडवाना युग तथा दूसरा टर्शियर युग समूह में। गोंडवाना युग के प्रमुख क्षेत्र झरिया (झारखंड) तथा रानीगंज (बंगाल) में स्थित है। भारत में उत्पादित संपूर्ण कोयले का 70% केवल झरिया और रानीगंज से प्राप्त होता है।

69 - C
दिए गए विकल्प के अनुसार कटिहार शहर बिहार के सबसे पूर्वी भाग में स्थित है। बिहार स्वरूप लगभग आयताकार है। बिहार की सीमा उत्तर में नेपाल से, दक्षिण में झारखण्ड से पूर्व पश्चिमी बंगाल और पश्चिम में उत्तर प्रदेश से मिलती है। विकल्पों में दिए गए शहर का पश्चिम से पूर्व की ओर क्रम निम्नवत है – पटना – भागलपुर – पूर्णिया – कटिहार

70 - A
अनुपम झील बिहार में कैमूर की पहाडियों में स्थित है। सुखना झील चंडीगढ़, भारत में है। सांभर झील राजस्थान राज्य के जयपुर में स्थित खारे पानी की झील है। कामा झील मध्यप्रदेश के नीमच जिले में है। कैमूर वन्यजीव अभ्यारण्य कैमूर जिले में स्थित है। कैमूर पहाड़ी श्रंखला में ही अनुपम झील, करकट झरना तथा तेलहार झरना स्थित है।

71 - C
बलवंत राय मेहता समिति के अनुसार- "लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण और सामुदायिक विकास कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु पंचायती राज व्यवस्था की तुरंत शुरुआत की जानी चाहिए।" पंचायती राज व्यवस्था को मेहता समिति ने "लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण" का नाम दिया। समिति ने ग्रामीण स्थानीय शासन के लिए त्रिस्तरीय व्यवस्था का सुझाव दिया, जो निम्न प्रकार था: ग्राम- ग्राम पंचायत, खंड- पंचायत समिति, ज़िला- ज़िला परिषद।

72 - B
भारत में मध्य-अर्धशतक (MID-FIFTIES) में द्वितीय पंचवर्षीय योजना प्रशान्त चन्द्र महालोनोबिस माडल पर आधारित थी। इसका योजना वर्ष 1950 ई. से 1961 ई. तक था। इस योजना का लक्ष्य तीव्र औद्योगीकरण तथा भारी उद्योगों की स्थापना करना था जो पूँजी सघन थे। इसके अनुसार अर्थव्यवस्था में दीर्घकालीन विकास दर की प्राप्ति के लिए भारी उद्योगों के बुनियादी ढांचे के लिए भारी उद्योगों के बुनियादी ढांचे के निर्माण पर अधिक निवेश करना चाहिए।

73 - C

ENTRI
GET IT ON Google Play

1955	भारतीय औद्योगिक ऋण और निवेश निगम
1964	भारतीय औद्योगिक विकास बैंक
1982	भारतीय आयात और निर्यात बैंक
1987	औद्योगिक और वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड

74 - A

स्तम्भ-क	**स्तम्भ-ख**
ओपन-जनरल लाईसेंस	विदेशी व्यापार
TRYSEM	रोज़गार
थोक मूल्य सूचकांक	मुद्रास्फीति
नकदी-रिज़र्व अनुपात	ऋण नियंत्रण

75 - C
भारत में नीति-निर्माण का मुख्य कार्य केन्द्र सरकार का है। जिसका अनुमोदन संसद द्वारा होता है। अतः सरकारी व्यय को नियन्त्रित करने का प्राधिकार भारत सरकार के वित्त मन्त्रालय को है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) साख नियन्त्रित करता है। इसके अंतर्गत वित्तीय क़ानून, कराधान, पूंजी बाज़ार, वित्तीय संस्थानों, केंद्र तथा राज्यों के वित्त और केंद्रीय बजट से जुड़े मामले आते हैं। यह सरकार के वित्तीय प्रशासन के मामलों से संबद्ध है।

76 - B
प्रभावी राजस्व घाटा पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण के लिए राजस्व घाटा और अनुदान के बीच का अंतर है। सरकार के कोष का घाटा 'राजस्व घाटा' कहलाता है। जब सरकार का खर्च आमदनी से अधिक होता है तो यह अन्तर 'राजकोषीय घाटा' कहलाता है। प्रभावी राजस्व घाटे का सर्वप्रथम आकलन वर्ष 2011-12 ई. के बजट में किया गया।

77 - A
ब्याज भुगतान, गैर नियोजित राजस्व व्यय का एक आइटम है। विभिन्न सरकारी विभागों और सेवाओं पर खर्च ऋण पर ब्याज की आदायगी और सब्सिडी पर होने वाले व्यय को 'राजस्व व्यय' कहते है। वेतन, पेंशन, आर्थिक सहायता, सुरक्षा गैर नियोजित राजस्व व्यय के अन्य महत्वपूर्ण घटक है।

78 - C

ENTRI
GET IT ON Google Play

एचडीआई देश में मूल मानव विकास उपलब्धियों का औसत मापक है। यह मानव विकास के तीन मूल आयामों प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद, साक्षरता और जीवन प्रत्याशा के आकलन को मापता है। HDR-2014 में नॉर्वे मानव विकास रैंकिंग में प्रथम स्थान पर है। भारत 187 देशों में 135वें स्थान पर है अर्थात यह 'मध्यम मानव विकास' वाले देशों की श्रेणी में वर्गीकृत है।

79 - C
संकेन्द्रीय सांख्यिकी संगठन द्वारा निम्नलिखित कार्य किये जाते हैं– - राष्ट्रीय आय की गणना - शहरी गैर श्रम कर्मचारियों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक का निर्धारण - औद्योगिक उत्पादन का संकलन - आर्थिक गणना एवं उसका सर्वेक्षण - मानव विकास और लिंग आधारित आंकड़े जारी करना - उद्योगों का वार्षिक सर्वेक्षण

80 - A
वर्ष 2013-14 ई. में भारत में तिलहनों का कुल उत्पादन 34.32 मिलियन टन है।

81 - B
अप्रैल से सितम्बर 2014 ई. की छमाही में चाय का निर्यात 2014.65 करोड़ रुपये का था। जो की इस अवधि में सर्वाधिक था।

82 - A
ऐसी विदेशी मुद्रा जिसमें त्वरित पलायन कर जाने की प्रवृति होती है, गर्म मुद्रा कहलाती है अर्थात जिस स्थान पर लाभ मिलने की सम्भावनाएँ अधिक हों यह वहीं प्रवासित होती है। यह बाज़ार की अस्थिरता के समय बहुत तेजी से बढती है। शेयर बाजार में लगी मुद्रा इसका उदाहरण है।

83 - A
भारत सरकार ने, खाद्यान्न उत्पादन में आई स्थिरता एवं बढ़ती जनसंख्या की खाद्य उपभोग को ध्यान में रखते हुए, अगस्त 2007 ई. में केन्द्र प्रायोजित राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना का शुभारंभ किया। इस योजना का मुख्य लक्ष्य सुस्थिर आधार पर गेहूँ, चावल व दलहन की उत्पादकता में वृद्धि लाना है।

84 - D
तदर्थ ट्रेजरी बिल प्रणाली 1997-98 ई. में पूर्णतः बंद कर दी गयी। यह अर्ध-सरकारी विभागों, विदेशी केंद्रीय बैंकों, राज्य सरकारों को अस्थायी रूप से लाभ पहुचने के लिए जारी किया जाता था। ट्रेजरी बिल मूलतः केन्द्र सरकार द्वारा कम अवधि उधार के बिल है। इनकी परिपक्वता अवधि 1 वर्ष से कम होती है। 31 मार्च, 1997 ई. से इसके स्थान पर 'अर्थोपाय अग्रिम योजना' प्रारम्भ की गई थी। इस प्रणाली का उपयोग सरकार बजटीय घाटे की पूर्ति के लिए करती थी।

85 - C
मल्होत्रा समिति का गठन पूर्व वित्त सचिव व रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर आर० एन० मल्होत्रा की अध्यक्षता में 1993 ई. में किया गया था। समिति का कार्य बीमा उद्योग की समीक्षा करते हुए इसकी भावी दिशा सुझाना था।

ENTRI
GET IT ON Google Play

86 - A
सेवा कर किसी व्यक्ति द्वारा प्रदान की गई सेवाओं पर लगाया जाता है और इस कर का भुगतान करने की जिम्मेदारी सेवा प्रदाता की होती है। यह एक अप्रत्यक्ष कर है। इसे वित्त अधिनियम, 1994 के अध्याय V द्वारा वर्ष 1994 ई. में शुरू किया गया है। वर्ष 1994 में प्रारम्भिक रूप में यह कर सेवाओं के तीन सैटों पर लगाया गया था और तब सेवा कर का कार्यक्षेत्र में अनुवर्ती वित्त अधिनियम के तहत् सेवा-कर कह उगाही जम्मू-कश्मीर राज्य को छोड़कर पूरे भारत में की जा रही है।

87 - B
रुपये की परिवर्तनीयता से तात्पर्य रुपये का विदेशी मुद्राओं में तथा विदेशी मुद्राओं का रुपये में स्वतंत्र रूप से परिवर्तन से है। चालू खाते में रुपये को अगस्त, 1994 ई. से परिवर्तनीय बनाया गया है जबकि पूंजी खाते पर अभी यह पूर्ण परिवर्तनीय नहीं है। पूंजी खाते पर रुपये की पूर्ण परिवर्तनीयता पर सुझाव देने हेतु सरकार ने 'तारापोर समिति' का गठन किया था। वर्ष 1997 ई. में तारापोर कमेटी द्वारा पूँजी खाते पर रूपए की परिवर्तनीयता के लिए एक तीन-वर्षीय रोडमैप तैयार किया गया था।

88 - B
सकल कर राजस्व के मामले में केन्द्रीय सरकार के महत्वपूर्ण कर राजस्व के श्रोत अवरोही क्रम में निम्नलिखित है – निगम कर – निगम कर के अलावा अन्य आय पर कर – संघ उत्पाद शुल्क – कस्टम्स

89 - C
भारत सरकार ने माइक्रो, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास अधिनियम 2006 अधिनियमित किया जिसके अनुसार माइक्रो, लघु एवं मध्यम उद्यम की परिभाषा है- अति लघु (माइक्रो) उद्यम, जिसमे संयंत्र एवं मशीनरी पर निवेश 25 लाख रूपए तक होता है; लघु उद्यम, जिसमें संयंत्र एवं मशीनरी पर निवेश 25 लाख रूपए से अधिक किंतु 5 करोड़ रूपए से अधिक नहीं होता; तथा मध्यम उद्यम, जिसमे संयंत्र एवं मशीनरी पर व्यय 5 करोड़ रूपए से अधिक किंतु 10 करोड़ रूपए से अधिक नहीं होता।

90 - B
शिशु मृत्यु दर प्रति 1000 जीवित जन्मे शिशुओं मे से एक वर्ष या इससे कम उम्र मे मरने वाले शिशुओं की संख्या है। समस्त भारत में जीवित पैदा हुए प्रति 1000 बच्चों में से औसत 58 बच्चे मृत्यु के शिकार हो जाते हैं। विकसित देशों में यह संख्या 5 से भी कम है। इस दिशा में राज्यों के मध्य काफी अन्तर हैं। जीवित पैदा हुए 1000 में से केरल में शिशु मृत्यु-दर 12 है, जबकि मध्य प्रदेश में 79 है।

91 - B
व्यापार संतुलन में अनुकूलन का अर्थ है आयत की तुलना में निर्यात में वृद्धि एवं व्यापार अधिशेष। 1972-73 ई. एवं 1976-77 ई. में व्यापार संतुलन भारत के लिए अनुकूल था।

92 - B

ENTRI
GET IT ON Google Play

दक्षिण एशिया अधिमान्य व्यापार व्यवस्था – 1993 भारत-श्रीलंका मुक्त व्यापार समझौता – 1999 दक्षिण एशिया मुक्त व्यापार क्षेत्र – 2004 भारत और सिंगापूर के बीच व्यापक आर्थिक सहयोग समझौता – 2005

93 - A
2002-03 में कृषि और संबध क्षेत्रों की वार्षिक औसत वृद्धि दर (स्थिर मूल्यों पर) नकारात्मक हो गई थी।

94 - C
वर्षा बीमा योजना, भारतीय कृषि बीमा कम्पनी लिमिटेड (AICIL) द्वारा किया जाता है। यह योजना वर्ष 2007 के दौरान दक्षिण-पश्चिम मानसून अवधि में शुरू की गयी थी।

95 - D
बैंक दर वह ब्याज दर है, जिस पर वाणिज्यिक बैंक, भारतीय रिज़र्व बैंक से अल्पकालिक ऋण लेता है। रेपो दर वह ब्याज दर है, जिस पर भारतीय रिज़र्व बैंक, बैंकों को दीर्घकालिक ऋण प्रदान करता है।

96 - B
वर्ष 1991 ई. में भारत सरकार ने महत्वपूर्ण आर्थिक सुधार प्रस्तुत किए जो इस दृष्टि से वृहद प्रयास थे, जिनमें विदेश व्यापार उदारीकरण, वित्तीय उदारीकरण, कर सुधार और विदेशी निवेश के प्रति आग्रह शामिल था। इन उपायों ने भारतीय अर्थव्यवस्था को गति देने में मदद की। इन्ही सुधारों के तहत् बीमा, बैंकिग तथा अन्य सरकारी एकाधिकार वाले क्षेत्रों को निजी क्षेत्रों के लिए खोला गया।

97 - C
भारत निर्माण योजना ग्रामीण इलाकों के लिए बनाई गई एक समयबद्ध योजना है, जिसके तहत् सिंचाई, ग्रामीण आवास, जल प्रदाय, संचार तथा विद्युतीकरण आदि के क्षेत्र में विकास कार्य किया जाना प्रस्तावित है। इस योजना की शुरूआत वर्ष 2005 ई. में की गई।

98 - C
भारतीय योजना आयोग के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रो में प्रति व्यक्ति 26 रूपए प्रतिदिन और शहरी क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति 32 रूपए प्रतिदिन गरीबी रेखा के लिए उपयुक्त है।

99 - D
ट्राईसेम (TRYSEM) – 1979 आर० एल० ई० जी० पी० (RLEGP) – 1983 जे० आर० वाई० (JRY) – 1989 ई० ए० एस० (EAS) – 1993

100 - D

ENTRI
GET IT ON Google Play

राष्ट्रीय कृषि नीति	2000
समुद्रीय मत्स्य नीति	2004
नवीन विदेशी व्यापार नीति	2014
सातवाँ वित्तीय आयोग	1978

101 - B
पागल पंथ का प्रभाव उत्तर बंगाल में अधिक था। यह एक अर्ध धार्मिक संप्रदाय था। इसकी स्थापना करम शाह ने की थी।

102 - A
यह आन्दोलन बंगाल के फरीदपुर जिले में आरम्भ हुआ था। इन आन्दोलन का भी मुख्य उद्देश्य इस्लाम में सुधार करना ही था। बंगाल में कालान्तर में इस आन्दोलन ने अंग्रेजों के विरोध का रुख अपना लिया। हाजी शरीयतुल्ला एवं उसके पुत्र मुहम्मद मोहसिन (दुदू मिया) ने बंगाल के गरीब किसानों के बीच काफी लोकप्रियता अर्जित की और फराजी आन्दोलन चलाया।

103 - D
पश्चिमी घाट में रहने वाले 'रामोसी जनजाति' के लोगों ने 1822 ई. में 'चित्तर सिंह' के नेतृत्व में यह विद्रोह किया। रामोसियों ने सतारा के आस-पास के क्षेत्रों को लूटा। 1825-1826 ई. में इन्होंने 'उमाजी' के नेतृत्व में पुनः विद्रोह किया।

104 - A
बघेरा विद्रोह 1818 ई. में अंग्रेज़ सरकार के विरुद्ध किया गया था। वघेरा विद्रोह (1818-19 ई.) का प्रमुख कारण बड़ौदा के गायकवाड़ राजा द्वारा सूरत के ओखा मण्डल में वघेरा लोगों से अंग्रेजों की मदद से अधिक कर वसूल करना था। परिणामस्वरूप बघेरा सरदारों ने विद्रोह कर दिया। वर्ष 1820 ई. में बर्बर सैन्य कार्यवाही द्वारा यह विद्रोह समाप्त हो गया।

105 - A
भारत में औपनिवेशिक शासनकाल के दौरान प्रेस की स्वतन्त्रता पर विभिन्न प्रकार के अंकुश लगाए गए थे। इस दिशा में पहला प्रयास लार्ड वेलेज्ली ने किया था। 1799, 1835, 1867, 1878, 1908, 1910, 1931 में प्रेस को नियन्त्रित करने के लिए एक्ट पारित किए गए थे। गवर्नर जनरल चार्ल्स मेटकाफ को 'भारतीय समाचार पत्रों का मुक्तिदाता' कहा जाता है। भारत में मीडिया के नियंत्रण के लिए पारित किये गए एक्ट हैं– प्रेस अधिनियम 1835, लाइसेंसिंग अधिनियम 1857, पंजीकरण अधिनियम 1867, वर्नाकुलर प्रेस अधिनियम 1878, समाचार पत्र अधिनियम 1908, भारतीय प्रेस अधिनियम 1910, भारतीय प्रेस इमरजेंसी अधिनियम 1931

106 - D
भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस की स्थापना 1885 ई. में की गई थी। प्रारम्भिक वर्षों (1885-1905 ई.) में काँग्रेस पर उदारवादियों का वर्चस्व था। उदारवादी नियमबद्ध प्रगति में आस्था रखते थे तथा अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए उन्होंने वैधानिक रास्ता अपनाया। सामाजिक सुधार का

ENTRI
GET IT ON Google Play

मुद्दा इनकी कार्यसूची में नहीं था। साथ ही सभी वर्गों की भागीदारी भी इसमें नहीं थी। इन मुददों के लेकर काँग्रेस में विभाजन की प्रक्रिया शुरू हुई।

107 - A
अरविन्द घोष बंगाल में क्रान्तिकारी आन्दोलन के प्रमुख नेता थे। उन्होंने इण्डियन सिविल सिर्विस का परित्याग कर दिया था। राजनीति से सन्यास लेकर वर्ष 1910 ई. में पाण्डिचेरी में आश्रम की स्थापना की। उन्होंने 'New Lamps for Old' के अतिरिक्त युगान्तर, कर्मयोगी, धर्म आदि पत्रों का सम्पादन किया। द लाइफ डिवाइन, द सिन्थेसिस, एसेज आन द गीता आदि उनकी प्रमुख पुस्तकें हैं।

108 - C
नेहरू रिपोर्ट अगस्त, 1928 ई में .पंडित मोतीलाल नेहरू की अध्यक्षता में भारतीय संविधान के मसौदे को तैयार करने के लिये बनाई गई थी। इस समिति द्वारा प्रस्तावित संविधान प्रस्तुत प्रारूप ही 'नेहरू रिपोर्ट' के नाम से जाना जाता है।

109 - A
कैथरीन मेयो, एल्डस हक्सले, चार्ल्स एण्ड्रूज और विलियम डिग्बी - इन सभी ने ब्रिटिश राज से स्वशासन के दौरान भारत के बुरे आर्थिक सामाजिक हालात पर टिप्पणियाँ लिखी थी। मेयो ने ब्रिटिश राज से स्वशासन और भारतीय स्वतन्त्रता के लिए माँग के खिलाफ लिखी थी। चार्ल्स एण्ड्रूज महात्मा गाँधी के करीबी मित्र थे। विलियम डिग्बी एवं हक्सले ने भारत की सामाजिक स्थिति पर सख्त टिप्पणी की।

110 - A
"सरफरोशी की तमन्ना" उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध क्रान्तिकारी राम प्रसाद 'बिस्मिल' द्वारा लिखित एक प्रसिद्ध देशभक्तिपूर्ण गजल है जिसमें उन्होंने आत्मोत्सर्ग की भावना को व्यक्त किया था। वे हिन्दुस्तानी समाजवादी गणतन्त्रीय सेना के संस्थापक सदस्य थे। उन्होंने काकोरी काण्ड में सक्रिय भूमिका निभाई थी, जिसके कारण उन्हें फाँसी की सजा दी गई थी। वे 1920-30 ई. के दशक में उत्तरी भारत में क्रान्तिकारी गतिविधियाँ के प्रमुख प्रसारक थे।

111 - D
हसरत मोहानी का जन्म वर्ष 1875 में उत्तर प्रदेश के उन्नाव में हुआ था। वे एक राजतीतिज्ञ के साथ-साथ प्रिसिद्ध शायर एवं लेखक भी थे। मौलाना हसरत मोहानी
ने अहमदाबाद में 1921 के सत्र में भारत के पूर्ण स्वराज का प्रस्ताव रखा। आल इण्डिया मुस्लिम लीग में रहकर हसरत मोहानी ने सबसे पहले आजादी-ए-कमलि की माँग की। हसरत मोहानी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के संस्थापकों में से एक थे।

112 - B
भारत में साम्यवादी विचारधारा का व्यापक प्रचार-प्रसार तब शुरू हुआ, जब 1920 ई. में कानपुर में सत्यभक्त ने 'कम्युनिस्ट पार्टी आफ इण्डिया' की स्थापना की घोषणा की। वर्ष 1925 ई. में इसकी विधिवत स्थापना कर दी गई। वर्ष 1925 ई. से कम्युनिस्ट पार्टी को संगठित करने में ब्रिटिश कम्युनिस्टों का भी योगदान मिलने लगा। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना 27 सितंबर 1925 ई. में केशवराव बलिराम हेडगेवार ने की थी। व्यवसाय से वे चिकित्सक थे तथा प्रारम्भ में काँग्रेस से संबंधित थे।

ENTRI
GET IT ON Google Play

113 - C
स्वामी सहजानंद सरस्वती ने 1936 ई. में अखिल भारतीय किसान सभा की स्थापना की जबकि उन्होंने अखिल भारतीय संयुक्त किसान सभा की स्थापना 13 मार्च 1949 ई. में की और इस सभा के माध्यम से उन्होंने भूमि, जलमार्ग और अन्य संसाधनों के राष्ट्रीयकरण की मांग रखी। स्वामी सहजानंद सरस्वती की मृत्यु 26 जून 1950 ई. को मुजफ्फरपुर में हुई थी।

114 - A
वायसराय लार्ड डफरिन के कार्यकाल में बंगाल (1885 ई.), अवध (1886 ई.), और पंजाब (1887 ई.), किराया अधिनियम पारित किया गया। बंगाल किरायेदारी अधिनियम द्वारा बंगाल और बिहार में भूमि पर किरायादारों को अधिकार प्रदान किया गया।

115 - C
गोलमेज़ सम्मेलन 1930 ई. से 1932 ई. के बीच लंदन में आयोजित हुआ। तृतीय गोलमेज़ सम्मेलन 17 नवम्बर, 1932 ई. को आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में एक श्वेतपत्र जारी किया गया। यही श्वेतपत्र 1935 ई. के 'गवर्नमेंट ऑफ़ इंडिया एक्ट' (भारतीय शासन विधान) का आधार बना।

116 - A
1920-22 ई. के असहयोग आन्दोलन के दौरान बिहार में प्रचलित मान्यताओं में से एक यह थी की उनकी जीत होगी, क्योंकि गाँधी धर्म के प्रतीक थे। उनको एक अवतार के रूप में देखा गया। उन्हें राम के अवतार के रूप में एवं ब्रिटिश को अधर्म का प्रतीक माना गया।

117 - D
स्वामी सहजानन्द सरस्वती भारत के राष्ट्रवादी नेता एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। उनकी राजनैतिक गतिविधियाँ अधिकतर बिहार में केन्द्रित थीं और अखिल भारतीय किसान सभा के निर्माण के बाद पूरे भारत में फैलीं। उन्होने पटना के निकट बिहटा में एक आश्रम बनाया था जहाँ से अपने जीवन के उत्तरार्ध के सारे काम संचालित करते थे।

118 - A
राहुल सांकृत्यायन हिंदी यात्रा सहित्य के पितामह कहे जाते हैं। वे एक बहुभाषाविद् थे और 20वीं सदी के पूर्वार्द्ध में उन्होंने यात्रा वृत्तान्त तथा विश्व दर्शन के क्षेत्र में साहित्यक योगदान किए। असहयोग आन्दोलन के दौरान उन्होंने छपरा में सत्याग्रह में भाग लिया। उन्हें 'महापण्डित' की उपाधि दी गई थी।

119 - A
वर्ष 1857 ई. के विद्रोह का व्यापक प्रसार बिहार में भी हुआ था। आरा (जगदीशपुर) में इस विद्रोह का नेतृत्व कुंवर सिंह ने किया था। वर्ष 1857 ई. की क्रान्ति की शुरूआत जून, 1857 ई. में देवघर जिले (जो अब झारखण्ड में है) के रोहिणी गाँव में सैनिकों के विद्रोह से हुई। यहाँ 32वीं इन्फैण्ट्री रेजिमेण्ट का मुख्यालय था। इस विद्रोह के दौरान दरभंगा, डुमराँव और हटवा के महाराजाओं और उनके साथी जमींदारों ने अंग्रेजों की मदद की थी।

120 - A

ENTRI

GET IT ON Google Play

चम्पारण में तीनकठिया पद्धति के कारण किसानों की स्थिति बहुत खराब थी। एक तो उन्हें जबरन नील की खेती के लिए बाध्य किया जाता था, तो दूसरी ओर वे कर्ज में डूब गए थे। पीर मुहम्मद मुनीस ने 'दुखी', 'दुखी आत्मा', 'दुखी हृदय' जैसे विभिन्न छद्मनामों से लिखकर चम्पारण के किसानों की दुर्दशा पर प्रकाश डाला। इसका वर्णन नील दर्पण में भी मिलता है।

121 - C

$\because f(x)=x^2-3x^2$

$\therefore f(5)=5^2-3\times 52=25-152=12$

$\therefore f(f)5))=12^2-3\times 12-2=144-362=110$

122 - B

$$\frac{^{2n}C_3}{^{n}C_2}=\frac{12}{1}$$

$$\Rightarrow \frac{\frac{2n(2n-1)(2n-2)}{L3}}{\frac{n(n-1)}{L2}}=12$$

$$\Rightarrow \frac{2n(2n-1)2(n-1)}{3\times 2\times 1}\times\frac{2\times 1}{n(n-1)}=12$$

$$\Rightarrow \frac{4n(2n-1)(n-1)}{3}\times\frac{1}{n(n-1)}=12$$

$$\Rightarrow \frac{4(2n-1)}{3}=12$$

$$\Rightarrow 2n-1=3\times 3$$

$$\Rightarrow 2n=91$$

$$\Rightarrow n=\frac{10}{2}=5$$

123 - B

प्रसरण = अधिकतम मूल्य - न्यूनतम मूल्य =7−7=0

124 - D

ENTRI
GET IT ON Google Play

$\because\ log2 = 0.30103$

$log4 = log\left(\frac{10}{2}\right) = log10 - log2$

$\left[log\frac{m}{n} = logm - logn\right] = 1 - 0.30103 = 0.698997$

125 - B

$\because\ 2x10 \geq 0$

$\Rightarrow 2x \geq -10$

$\Rightarrow x \geq -\frac{10}{2}$

$\therefore x \geq -5$

126 - A

सार्व अंतर $= \frac{5}{6} - \frac{1}{2} = \frac{5-3}{6} = \frac{2}{6} = \frac{1}{3}$ दो क्रमिक पदों का अंतर समान है अतः यह एक समांतर श्रेणी है

127 - B

यहाँ

$A(x_1, y_1) = (1,6),$

$B(x_2, y_2) = (3,0)$

$or\ C(x_3, y_3) = (-3,-7)$



$\therefore \Delta ABC$ का क्षेत्रफल

$= \left|\frac{1}{2}\left[x_1(y_2 - y_1)x_2(y_3 - y_1)x_3(y_1 - y_2)\right]\right|$

$= \left|\frac{1}{2}\left[1(07)3(-7-6)(-3)(6-0)\right]\right|$

ENTRI

GET IT ON Google Play

$=\left|\frac{1}{2}(-50)\right| = 25$ वर्ग इकाई

128 - B

∵3xy−7=0

⇒y=−3x7

∴ ढाल = m1=−3

[y=mxc]

पुनः x + 2y + 9 = 0

⇒2y=−x−9

⇒y= $-\frac{1}{2}x-\frac{9}{2}$

∴ ढाल = $m_2 = \frac{-1}{2}$

$\therefore tan\theta = \pm\frac{m_1 - m_2}{1 m_1 m_2}$

$= \pm\frac{-3\frac{1}{2}}{1\frac{3}{2}} = \pm\frac{-\frac{5}{2}}{\frac{5}{2}} = \pm 1$

$\therefore tan\theta = 1 = tan45^0$

$\Rightarrow \theta = 45^0$

129 - C

$\because sec\theta = \sqrt{1 tan^2\theta}$

$\therefore sec60^0 = \sqrt{1 tan^2 60^0}$

$= \sqrt{1\left(\sqrt{3}\right)^2} = \sqrt{13}$

$= \sqrt{4} = 2$

130 - B

ENTRI
GET IT ON Google Play

$\therefore \pi r^2 = 154$

$\therefore \frac{22}{7} \times r^2 = 154$

$\Rightarrow r^2 = \frac{154 \times 7}{22} = 7 \times 7$

$\therefore r = 7$

131 - D
लौंग, जिसे कि लवांग के नाम से भी जाना जाता है, मायराटेसिया परिवार से सम्बन्धित एक पेड़ की सूखी कली को कहते हैं। लौंग उष्ण प्रकृति का मसाला है।

132 - C
ऑंकोजीन एक जीन है जो कैंसर रोग के लिए जिम्मेदार होता है। इसे वर्ष 1969 ई. में खोजा गया परन्तु वास्तविक रूप में इसकी पुष्टि वर्ष 1970 ई. में हुई।

133 - D
पोटैशियम अत्यंत सक्रिय तत्व होने के कारण यौगिक अवस्था में पाया जाता है। पोटैशियम वायु में शीघ्र मलिन हो जाता है और गर्म करने पर पिघलकर जलता है। जल में डालने पर विस्फोट के साथ क्रिया करके बैंगनी ज्वाला के साथ जलता है। पोटैशियम को तेल अथवा निष्क्रिय वातावरण में सुरक्षित रखते हैं। धातु प्रायः रासायनिक रूप से क्रियाशील होते हैं। जो हवा में आक्सीजन से संयोग कर धात्विक आक्साइड बनाते हैं। सबसे ज्यादा क्रियाशील अल्कली धातु (सोडियम, लीथियम, पोटैशियम, वर्ग I के धातु) होते हैं; जबकि उसके बाद अल्कली मृदा धातुओं (बैरेलियम, मैग्नेशियम, कैल्शियम, वर्ग II के धातु) का स्थान आता है। उदाहरणार्थ- सोडियम आक्साइड, कैल्शियम आक्साइड, एल्यूमीनियम आक्साइड।

134 - A
आर्थर कोर्नबर्ग एक अमेरिकी बायोकेमिस्ट थे जिन्हें उनकी खोज "डीएनए के जैविक संश्लेषण" के लिए 1959 ई. में फिजियोलॉजी या चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार जीता था। वे प्रथम व्यक्ति थे जिन्होंने डी.एन.ए. को अन्तःपात्र या परखनली में बनाया था।

135 - C
9 अगस्त 1945 ई. को अमरीका ने नागासाकी शहर पर "फ़ैट मैन" परमाणु बम गिराया। यह प्लूटोनियम बम था। 6 अगस्त, 1945 ई. को हिरोशिमा पर यूरेनियम वाला परमाणु बम गिराया गया था।

136 - C
निकोलस पहले यूरोपीय खगोलशास्त्री थे जिन्होंने हीलियोसेंट्रिज्म मॉडल को लागू किया। 1530 ई. में कॉपरनिकस ने अपनी किताब 'डी रिवोलूशन्स' में बताया कि पृथ्वी अपने अक्ष पर घूमती हुई एक दिन में चक्कर पूरा करती है और एक साल में सूर्य का चक्कर पूरा करती है।

137 - C
कॉस्मिक किरणें मुख्यतः प्रोटॉन और हीलियम न्यूक्लियाई से बनी उच्च उर्जा संग्रहण वाली प्राथमिक किरणें हैं। कॉस्मिक किरणें कई प्रकार की होती हैं। सौर कॉस्मिक किरणें सूर्य से

ENTRI
GET IT ON Google Play

निकलती हैं। गांगेय कॉस्मिक किरणें की उत्पत्ति सुपरनोवा विस्फोट, श्याम विवर और न्यूट्रॉन तारे से होती है जो हमारी ही आकाशगंगा में मौजुद हैं। परागांगेय कॉस्मिक किरणों का स्त्रोत हमारी आकाशगंगा के बाहर है।

138 - A
सभी कार्बनिक यौगिक कार्बन से बने होते हैं।

139 - C
तीव्रता एवं प्रयुक्तता के अधार पर आयनीय विकरण चिकित्सा, अनुसन्धान जैसे कई क्षेत्रो में प्रयुक्त होता है। इसका अधिक प्रभाव कर्क रोग जैसे रोग उत्पन्न भी कर सकता है।
रेडियोधर्मी पदार्थ वे होते है जो कि आयनीकरण विकिरण उत्सर्जित करते हैं। ऊर्जा से निकलनी वाली एक्स-रे, गामा-रे, आल्ट्रावायलेट आदि किरणें ही रेडिएशन हैं। अन्तर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेन्सी (आईएईए) के अनुसार आमतौर पर 88% रेडिएशन प्राकृतिक स्रोतों मसलन, सूर्य की रोशनी, भूमि से निकलने वाली ऊर्जा या कहीं-कहीं चटटानों से निकलनी वाली गर्मी के कारण होता है। इसकी खोज सर्वप्रथम मैडम क्यूरी ने की थी।

140 - A
मनुष्य के शरीर में रक्त की मात्रा शरीर के भार का लगभग 7 से 8% होती है। अतः एक स्वस्थ मनुष्य के शरीर में लगभग 5 से 6 लीटर रक्त होता हैं, स्त्रियों के शरीर में रक्त की मात्रा लगभग 4 से 5 लीटर होती है।

141 - C
कॉलरा एक संक्रामक आंत्रशोथ है जो वाइब्रियो कॉलेरी नामक जीवाणु के कारण होता है। मनुष्यों मे इसका संचरण इस जीवाणु द्वारा दूषित भोजन या पानी को ग्रहण करने के माध्यम से होता है। टाइफायड एक खतरनाक रोग है जो कि सलमोनेल्ला टायफी जीवाणु से होता है। यह किसी संक्रमित व्यक्ति के मल से मलिन हुए जल या खाद्य-पदार्थ के खाने/पीने से होता है।

142 - D
ग्लूकोज़ सबसे सरल कार्बोहाइड्रेट है। ग्लाइकोजन के रूप में यह यकृत और पेशियों में संचित रहता है। सजीवों की कोशिकाओं के लिए ऊर्जा का सर्वप्रमुख स्रोत है।

143 - D
जीवाणु एक एककोशिकीय जीव है। जीवाणुओं को सबसे पहले डच वैज्ञानिक एण्टनी वॉन ल्यूवोनहूक ने 1676 ई. में सूक्ष्मदर्शी की मदद से खोजा। इसीलिए इन्हें माइक्रोबायोलॉजी का पिता कहा जाता है।

144 - A
चार्ल्स डार्विन के अनुसार जीवों में अत्यधिक विविधता का कारण अनुकूलन है। आनुवंशिकी वैज्ञानिकों का मानना है कि वास्तविक जैव विविधता जीनिक विविधता पर ही निर्भर करती है। उनके लिए जैव विविधता जीनों की विविधता से ही सम्बद्ध है। वे उत्परिवर्तन जीन-विनियम एवं डीएनए के स्तर पर होने वाली परिवर्तनात्मक सक्रियता, जिससे विकासवाद को बढावा मिलता है, जैसी क्रियाओं का अध्ययन करते हैं।

ENTRI
GET IT ON Google Play

145 - A
कीट-संवर्धन कीटों की वृद्धि करने का विज्ञान है।

146 - C
माइकोप्लाज्मा सबसे छोटा एवं सरलतम जीव है जो स्वयं विकास एवं प्रजनन में समर्थ है।

147 - C
विश्व का पहला मानव हृदय प्रत्यारोपण 3 दिसम्बर 1967 ई. में दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन शहर में क्रिस्टियन बर्नार्ड के द्वारा किया गया था।

148 - D
वृक्क से प्रति मिनट औसत रक्त प्रवाह 500 सी.सी. है। वृक्क में मुख्यतः यूरिया और अमोनिया होता है।

149 - A
पादप कली एक भ्रूणीय टहनी होती है जो पत्ते के कक्ष या ताने के अग्र भाग पर पाई जाती है।

150 - A
ब्यूटेन एक उच्च ज्वलनशील एवं रंगहीन गैस है। ब्यूटेन एक हाइड्रोकार्बन हैं। नार्मल ब्यूटेन तथा आइसो ब्यूटेन के द्रवीभूत मिश्रण को एलपीजी (द्रवित पेट्रोलियम गैस) कहते हैं। इसे उच्च दाब पर द्रवित कर सिलेण्डर में भर लिया जाता है। सिगरेट लाइटर में भी द्रवित ब्यूटेन गैस भरी जाती है। रसोइ गैस सिलिंडरों में भी इसी गैस का प्रयोग किया जाता है।